प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आरडीजी सहित 16 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर मंथन होगा। साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण को भी बैठक में मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने को लेकर भी निर्णय लिया जा सकता है। बैठक में फिजूलखर्ची रोकने और आय के संसाधन बढ़ाने को लेकर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में रिक्त पद समाप्त नहीं होंगे और भविष्य में भी भर्तियां जारी रहेंगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश की वितीय स्थिति को सुधारने के लिए ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया जाएगा, जिससे जनता पर किसी तरह का बोझ पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को दोषारोपण की बजाय प्रधानमंत्री से मिलकर आरडीजी को बहाल करने के प्रयास करने चाहिएं।

टंडन

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि प्रदेश सरकार वितीय अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज, राजकोषीय घाटे और गलत प्राथमिकताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर निराधार आरोप लगा रही है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अपनी प्रशासनिक और वितीय विफलताओं का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ना हास्यास्पद है। टंडन ने कहा कि राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में ओएसडी, सलाहकारों और राजनीतिक नियुक्तियों का विस्तार किया, जिससे राजस्व व्यय पर अनावश्यक बोझ बढ़ा है।

राजीव भारद्वाज

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि चडीगढ़– बद्दी 28 किलोमीटर नई रेल लाईन का कार्य शुरू कर दिया गया है और इस पर एक हजार 5 सौ 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी। लोकसभा में सांसद राजीव भारद्वाज द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पूर्णतः या आंशिक रूप से पड़ने वाली कुल 2 सौ 14 किलोमीटर लम्बाई की तीन नई रेल लाईनें स्वीकृत की गई हैं, जिन पर 17 हजार 6 सौ 22 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वैष्णव ने बताया कि सम्पर्कता में सुधार लाने के लिए नंगल डैम– ऊना– इंदौरा– दौलतपुर चौक खंड को कमीशन किया जा चुका है।

अनुराधा राणा

लाहौल–स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा है कि काजा में 75 करोड़ की लागत से विश्व स्तरीय स्टेडियम बनाया जाएगा। काजा में आयोजित आईएस हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि विंटर गेम्स के आयोजन से घाटी में विंटर टूरिज्म को बढ़ावा मिला है।

सीबीएसई–ओएसएम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग लागू करेगा। हालांकि, कक्षा 10 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह ही भौतिक रूप से किया जाएगा। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड ने दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस वर्ष की परीक्षा से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस कदम से समन्वय में सुधार होगा और मैनुअल हस्तक्षेप कम होगा, साथ ही जोड़–घटाने की त्रुटियां भी दूर होंगी।

एनपीसी सप्ताह–वाणिज्यक मंत्रालय

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद–एनपीसी अपने 68वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज से राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह की शुरुआत करेगा। यह सप्ताह इस महीने की 18 तारीख तक देशभर में मनाया जाएगा। इस वर्ष सप्ताह का विषय है–विकास के इंजन के रूप में क्लस्टर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों–एमएसएमई में उत्पादकता को अधिकतम करना।